उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड, प्रयागराज

पत्रांक : 4607 /चयन/2019–20 दिनांक 28.02.2020

विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या–01/2016 प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक की परीक्षा दिनांक 08 एवं 09 मार्च, 2019 को सम्पन्न हुई थी। प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक के कृषि, वाणिज्य, बांग्ला, संगीत वादन, संगीत गायन, सिलाई एवं उर्दू विषयों की लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 02 जनवरी, 2020 से 11 जनवरी, 2020 तक आयोजित किया गया था। इन विषयों का पैनल उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा सेवा चयन बोर्ड नियमावली 1998 के नियम–12 (8) के क्रम में संलग्न विवरण के अनुसार दिनांक 28.02.2020 को घोषित कर दिया गया है।

घोषित पैनल के कालम 'SELECTION AS' में जिनके सामने अनारक्षित (UR)/आरक्षण श्रेणी (OBC/SC/ST) अंकित नहीं है उनके नाम 'रिक्तियों की संख्या से अधिक' के अन्तर्गत प्रदर्शित हैं, इस श्रेणी के अभ्यर्थियों का संस्था आवंटन बोर्ड द्वारा नहीं किया जाना है। घोषित पैनल के कालम 'SELECTION AS' में जिनके नाम के सामने अनारक्षित (UR)/आरक्षण श्रेणी (OBC/SC/ST) प्रदर्शित है, उनका संस्था आवंटन रिक्तियों की संख्या के अनुरूप उपरोक्त नियमावली, 1998 के नियम–12 (10) के अनुसार बोर्ड द्वारा बाद में किया जायेगा।

नियम 12 (10) के अन्तर्गत आवंटित संस्था में यदि कोई चयनित अभ्यर्थी कार्यभार ग्रहण करने में असफल रहेगा, तो उसके स्थान पर पैनल में उल्लिखित 'रिक्तियों की संख्या से अधिक' के अन्तर्गत अंकित अभ्यर्थियों के नाम में से योग्यता क्रम से संबंधित जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा नियमावली 1998 के नियम 13 (3) के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाना अपेक्षित होगा।

28-02-2020

(नवल किशोर)
उप सचिव